MADHYA PRADESH STATE BIODIVERSITY BOARD
मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड
(Statutory, Autonomous Body of Forest Dept., Govt. of M. P.| वन विभाग, म. प्र. शासन की वैधानिक एवं स्वायत्त संस्था)

पत्र क्र./जैवविविधता बोर्ड/स.स.स (सी.एण्ड.डी)/2019/26 भोपाल, दिनांक 23.09.2019

# परिपत्र

मैं आर. श्रीनिवास मूर्ति, सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़–2019 के आयोजन की संशोधित तिथियों एवं क्विज़ के सफल आयोजन हेतु से संबंधित अधिकारियों एवं कार्यालयों के उत्तरदायित्वों की निम्नानुसार घोंषणा करता हूँ। कार्यक्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी डॉ. बकुल लाड, सहायक सदस्य सचिव, एवं प्रभारी अधिकारी, जैवविविधता क्विज–2019 मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल(म.प्र.) (मो.नं. 9644004105) से संपर्क किया जा सकता है।

**मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज़ – 2019 (संशोधित महत्वपूर्ण तिथियॉ)**

| | | |
|---|---|---|
| **जिला स्तर पर जैवविविधता क्विज़ – 2019 दिनांक 18.10.2019 (समस्त जिला मुख्यालय पर)** | | |
| | **पंजीयन एवं मुख्य कार्यक्रम –** | |
| 1 | पंजीयन प्रारंभ दिनांक | 20.09.2019 से |
| 2 | पंजीयन की अंतिम तिथि | 14.10.2019 तक |
| 3 | टीम की संरचना | कक्षा द्वारा 9 से 12 तक अध्ययनरत तीन विद्यार्थियों की टीम |
| 4 | जिले में अधिकतम पंजीकृत टीम की संख्या | 50 टीम |
| 5 | पंजीयन का आधार | प्रथम आओं, पहले पाओं |
| 6 | पंजीयन का स्थान | कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी |
| 7 | पंजीकरण द्वारा | विद्यालय के प्राचार्य |
| 8 | जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज़–2019 का आयोजन– जिला मुख्यालय पर | 18.10.2019 |
| | **क्विज़ प्रक्रिया** | |
| 8.1 | प्रथम चरण में प्रत्येक टीम को 100 प्रश्न हल करने के लिए दिए जावेंगे। | पूर्वान्ह 18.10.2019 |
| 8.2 | उक्त प्रश्न पत्र के आधार पर प्रथम 7 टीम को द्वितीय चरण के क्विज़ के लिए चयनित किया जावेगा। | अपरान्ह 18.10..2019 |
| 8.3 | जिला स्तरीय क्विज़–2019 के द्वितीय चरण में प्रथम 3 स्थान प्राप्त टीमों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता घोषित किया जावेगा। | सायंकाल 18.10.2019 |
| 8.4 | जिला स्तरीय क्विज़–2019 की प्रथम स्थान प्राप्त टीम द्वारा भोपाल में राज्य स्तरीय क्विज़–2019 में भाग लिया जावेगा। | 13.11.2019 |
| 8.5 | **जिला स्तरीय पुरस्कार –**<br>**प्रथम पुरस्कार** – रूपये 3,000/- स्वर्ण पदक + प्रमाण पत्र<br>**द्वितीय पुरस्कार** – रूपये 2,100/- रजत पदक + प्रमाण पत्र<br>**तृतीय पुरस्कार** – रूपये 1,500/- कांस्य पदक + प्रमाण पत्र<br>समस्त प्रतिभागी टीमों के प्रत्येक सदस्यों को सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। | 18.10.2019 |

| राज्य स्तर पर जैवविविधता क्विज़ – 2019 दिनांक 13.11.2019 (मिंटो हॉल, भोपाल) | | |
|---|---|---|
| 9 | राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज –2019 का आयोजन–भोपाल में | 13.11.2019 |
| 9.1<br><br>9.2<br><br>9.3 | **प्रथम चरण–** प्रदेश के समस्त जिलों से कुल 52 टीमें लिखित परिक्षा में प्रतिभागिता करेंगी।<br>**द्वितीय चरण**– प्रथम चरण की लिखित परिक्षा में शीर्ष स्थान प्राप्त 7 टीमें क्विज़ में भाग लेगी।<br>**राज्य स्तरीय विजेता–** द्वितीय चरण क्विज़ की शीर्ष 3 टीमों को राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज़–2019 का **प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार** प्रदान किया जावेगा। | 13.11.2019<br>मिण्टो हॉल, भोपाल |
| 9.4 | **राज्य स्तरीय पुरस्कार–**<br>**प्रथम पुरस्कार** – रूपये 30,000/- स्वर्ण पदक+प्रमाण पत्र+ट्रॉफी<br>**द्वितीय पुरस्कार**– रूपये 21,000/- रजत पदक+प्रमाण पत्र+ट्रॉफी<br>**तृतीय पुरस्कार**– रूपये 15,000/- कांस्य पदक+प्रमाण पत्र+ट्रॉफी<br>समस्त प्रतिभागी टीमों को व्यक्तिगत रूप से सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किये जायेंगे। | 13.11..2019 |

# जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज–2019

जिला स्तर पर अधिकारियों की भूमिका एवं जवाबदेही (दिनांक 23.09.2019 को संशोधित)

| क्रमांक | अधिकारी / कार्यालय / समितियॉ | कार्य विवरण | दिनांक |
|---|---|---|---|
| **1** | **जिला कलेक्टर** | | |
| | 1. अध्यक्ष – जिला कलेक्टर<br>2. समन्वयक– क्षेत्रीय वन मण्डलाधिकारी ) (मुख्यालय )<br>3. सचिव– जिला शिक्षा अधिकारी<br>4. सदस्य –प्राचार्य, क्विज़ कार्यक्रम स्थल<br>5. जिला क्विज़ मास्टर–2<br>6. कलेक्टर द्वारा नामांकित प्रतिनिधि | i. जिला स्तरीय जैवविविधता क्विज समिति का गठन<br>ii. जिला स्तरीय समिति की बैठक<br>iii. क्विज़ कार्यक्रम स्थल का निर्धारण<br>iv. सभी संबंधितों को क्विज़ कार्यक्रम हेतु आदेश जारी करना।<br>v. क्विज़ कार्यक्रम पंजीयन की अंतिम तिथि<br>vi. प्रतिभागिता का प्रतिशत<br>अ–शहरी विद्यालय 70 प्रतिशत 35 टीम<br>ब–ग्रामीण विद्यालय 30 प्रतिशत 15 टीम<br>स–आरक्षित टीम 20 प्रतिशत 10 टीम<br>(किसी कारणवश यदि पंजीकृत टीम क्विज कार्यक्रम में भाग नहीं ले पाती है तो, डी.ई.ओ. के निर्णय के आधार पर आरक्षित टीम को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अधिकृत रहेगी ) | **तत्काल**<br>28.09.2019<br>28.09.2019<br>28.09.2019<br>**14.10.2019** |

| क्रमांक | अधिकारी / कार्यालय / समितियॉ | कार्य विवरण | दिनांक |
| --- | --- | --- | --- |
| | | vii. विद्यालयीन टीम में हाई स्कूल स्तर के कक्षा–9 एवं 10 के विद्यार्थी की प्रतिभागिता आवश्यक रूप से सुनिश्चित की जावें।<br>viii. क्विज़ कार्यक्रम में क्षेत्र के आदिवासी विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जावें ।<br>ix. क्विज़ कार्यक्रम के उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में क्षेत्र के गणमान्य अतिथियों (मंत्री, जन प्रतिनिधि एवं अधिकारीगण) को आमंत्रित किया जायें।<br>x. क्विज़ कार्यक्रम की अवधि में विद्युत प्रवाह निरन्तर रहें इस हेतु विद्युत विभाग को अवगत कराया जायें।<br>xi. क्विज़ कार्यक्रम में आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति के लिए जिला चिकित्सा अधिकारी को अवगत कराया जायें।<br>xii. विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु जिला समिति कार्यक्रम के उद्घाटन एवं पुरूस्कार वितरण समारोह में उपस्थित रहें।<br>xiii. क्विज कार्यक्रम का निर्विघ्न संचालन की व्यवस्था सुनिश्चित किया जायें।<br>xiv. प्रदेश में क्विज़ कार्यक्रम के सफल कियान्वयन प्रथम तीन स्थान प्राप्त जिले के डी.एफ.ओ., डी.ई.ओ., एवं जिला क्विज़ मास्टर को राज्यस्तरीय क्विज़ कार्यक्रम दिनांक 13.11.2019 को पुरूस्कृत किया जाना हैं। इस हेतु मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड को सुझाव, क्विज़ कार्यक्रम कि प्रक्रिया एवं अंतिम प्रतिवेदन उपलब्ध कराना। | |

| क्रमांक | अधिकारी / कार्यालय / समितियाँ | कार्य विवरण | दिनांक |
|---|---|---|---|
| **2** | **क्षेत्रीय वन मण्डलाधिकारी (जिला मुख्यालय)** | i. क्विज़ कार्यक्रम की सम्पूर्ण लॉजिस्टिक एवं अन्य व्यवस्था हेतु वन मण्डलाधिकारी समन्वयक होंगे।<br>ii. कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक आयोजित करने एवं सभी आवश्यक निर्णय लेने हेतु वन मण्डलाधिकारी समन्वयक होंगे।<br>iii. वन मण्डलाधिकारी अपने स्तर से एक अधिनस्थ को नामांकित करेंगे जो कि वन मण्डलाधिकारी को लॉजिस्टिक एवं समन्वयक के कार्यों में सहयोग प्रदान करेंगे।<br>iv. बजट प्राप्ती की सुचना बोर्ड को उपलब्ध करायेंगे।<br>v. कार्यक्रम स्थल लॉजिस्टिक निम्न है<br>**अ.** डायस, **ब.** बैठक व्यवस्था, **स.** ऑडियो विजुअल उपकरण (उच्च गुणवत्ता युक्त मल्टीमीडिया प्रोजेक्टर) **द.** स्वल्पहार, भोजन एवं पानी की व्यवस्था।<br>**इ.** पेनड्राइव पासवर्ड सहित प्राप्त करना एवं सुरक्षित रखना (जिसमें लिखित प्रश्नपत्र एवं क्विज़ पीपीटी की सॉफ्टकॉपी होगी)<br>**य.** पेनड्राईव का पासवर्ड दिनांक 17.10.2019 को प्रातः 06 बजे प्राप्त करना। लिखित परीक्षा प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिका की आवश्यक प्रतियां को प्रिंट कराकर एवं क्विज़ पीपीटी की पेनड्राईव डीईओ को उपलब्ध कराना।<br>**र.** कार्यक्रम तैयारीयों की ओके रिपोर्ट एवं कार्यक्रम समापन प्रतिवेदन बोर्ड को संयुक्त रूप से उपलब्ध कराना। | 28.09.2019<br>25.10.2019 |
| **3** | **जिला शिक्षा अधिकारी** | i. क्विज़ कार्यक्रम का सम्पूर्ण शैक्षणिक एवं तकनीकि विषय के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी होंगे।<br>ii. कार्यक्रम के आयोजन की तिथियों की सूचना से जिले के समस्त विद्यालयों के प्राचार्य को अवगत कराना।<br>iii. पोस्टर, पैंम्पलेट, समाचार पत्र एवं डिजिटल माध्यम (विद्यार्थियों एवं | 26.09.2019 |

| क्रमांक | अधिकारी / कार्यालय / समितियॉ | कार्य विवरण | दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक का वाट्सएप्प ग्रुप) द्वारा कार्यक्रम के प्रचार प्रसार करना।<br>iv. कार्यालय में पंजीयन हेतु क्विज़ पंजीयन डेस्क की स्थापना तथा अधीनस्थ को नामांकित किया जायें।<br>v. पंजीकृत टीमों की घोषणा एवं सूचना से बोर्ड को अवगत कराना एवं समय सीमा में पंजीयन को बन्द कराना।<br>vi. जिले में पंजीकृत विद्यालयों के नाम, टीम के सदस्यों के नाम की जानकारी दिनांक 15.10.2019 को सायं 06 बजे तक जैवविविधता बोर्ड को उपलब्ध कराना।<br>vii. जिले में पंजीकृत समस्त विद्यालयों की टीमों को क्विज़ से संबंधित प्रचार सामाग्री (टैक्स्ट बुक एवं प्रश्न बैंक) उपलब्ध कराना।<br>viii. जिले में पंजीकृत समस्त विद्यालयों की टीमों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करना।<br>ix. जिले के क्विज़ मास्टर्स को पूर्ण सहयोग प्रदान करना।<br>x. लिखित परीक्षा एवं क्विज़ कार्यक्रम संचालन हेतु जिले के क्विज़ मास्टर्स को मार्गदर्शन प्रदान करना।<br>xi. जिले के कलेक्टर एवं वन मण्डलाधिकारी से समन्वय स्थापित करना।<br>xii. निर्धारित प्रपत्र में समय–समय पर ओके रिपोर्ट से बोर्ड को अवगत कराना। | 14.10.2019<br><br>On the day of registration<br><br>Before 14.10.2019<br><br>14-17.10.2019 |
| **4** | **जिले के क्विज़ मास्टर्स**<br>**District Quiz Masters (DQM 2019)** | i. लिखित परीक्षा एवं क्विज़ कार्यक्रम का मुख्य तकनीकी एवं शैक्षणिक कार्य।<br>ii. जिला स्तरीय समिति को जैवविविधता क्विज़ 2019 की तकनीकी, शैक्षणिक एवं लॉजिस्टीक मुद्दों से अवगत कराना।<br>iii. जिला स्तरीय बैठक के तत्काल पश्चात कार्यक्रम के स्थल के सम्बन्ध में जैवविविधता बोर्ड को अवगत कराना।<br>iv. जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से जिलें में क्विज़ प्रतियोगिता हेतु 50 | 28.09.2019 |

| क्रमांक | अधिकारी / कार्यालय / समितियॉ | कार्य विवरण | दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | टीमों का पंजीयन सुनिश्चित करना। | |
| | | v. लिखित परीक्षा एवं क्विज़ कार्यक्रम के आयोजन हेतु उत्साहपूर्ण माहौल conducive atmosphere बनाया जाये। | |
| | | vi. जिला शिक्षा अधिकारी से जिले में पंजीकृत विद्यालयों के नाम, टीम के सदस्यों के नाम की जानकारी प्राप्त कर दिनांक 15.10.2019 को सायं 06 बजे तक जैवविविधता बोर्ड को उपलब्ध कराना। | 14.10.2019 |
| | | vii. जिले में पंजीकृत विद्यालयों हेतु तकनीकी एवं शैक्षणिक सत्र का आयोजन दिनांक 16.10.2019 को किया जाये। इस सम्बन्ध में विद्यालयों के प्राचार्य एवं पंजीकृत टीम के साथ बैठक का आयोजन दिनांक 30.09.2019 के पश्चात किया जा सकता है। | 30.09.2019 onwards. |
| | | viii. क्विज़ कार्यक्रम स्थल पर समस्त लॉजीस्टीक एवं तकनीकि व्यवस्था दिनांक 17.10.2019 को सायं 05 बजे तक सुनिश्चित करना तथा ओके रिपोर्ट बोर्ड के BDQ 2019 cell को उपलब्ध कराना। | 17.10.2019 5pm |
| | | ix. कार्यक्रम स्थल से सभी व्यवस्थाओं के संबंध में ओके रिपार्ट Bhopal BDQ 2019 Cell. (Get Set Go Ok report) को उपलब्ध कराई जायेगी। | 18.10.2019 8am |
| | | x. ओके रिपोर्ट– लिखित परीक्षा के पश्चात सात चयनित विद्यालयीन टीम का विवरण विद्यालयों के नाम के साथ जैवविविधता बोर्ड भोपाल को उपलब्ध कराया जायेगा। | 18.10.2019 1pm |
| | | xi. अंतिम ओके रिपोर्ट– क्विज़ के पश्चात जिला स्तरीय तीन विजेता विद्यालयीन टीम का विवरण विद्यालयों के नाम के साथ बोर्ड को उपलब्ध कराया जायेगा। | 18.10.2019 7pm |
| | | xii. कार्यक्रम के फोटो– कार्यक्रम प्रारम्भ से पूर्व, लिखित परीक्षा के समय, क्विज़ कार्यक्रम समापन कार्यक्रम एवं पुरुस्कार वितरण के दो फोटोग्रॉफ को जिला वाट्सएप ग्रुप पर भेजा | 18.10.2019 (9am, 10am, 1pm, 3pm and 7pm) |

| क्रमांक | अधिकारी / कार्यालय / समितियॉ | कार्य विवरण | दिनांक |
|---|---|---|---|
| | | जायेगा।<br>xiii. अंतिम ओके रिपोर्ट को डी.एफ.ओ., डी.ई.ओ. एवं क्विज़ मास्टर्स के हस्ताक्षर से जिले के वाट्सएप ग्रुप पर भेजा जायेगा।<br>xiv. राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज़ कार्यक्रम मिण्टो हॉल भोपाल में किया जायेगा। | 18.10.2019 |
| | | xv. राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज़–2019 के प्रथम तीन विजेता को भोपाल में दिनांक 13.11.2019 को सम्मानित किया जायेगा। | 13.11.2019 |
| | | xvi. राज्य स्तरीय जैवविविधता क्विज़–2019 के तीन प्रथम उत्कृष्ट जिलों के DFOs, DEOs and DQMs को स्वतंत्र मुल्यांकन के आधार पर प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी से पुरस्कृत किया जायेगा। सभी संबंधित अनुरोध है कि इस संबंध में कृपया अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। | 13.11.2019 |

**–हस्ता–**
**(आर. श्रीनिवास मूर्ति)**
**सदस्य सचिव**

पृष्ठांकन पत्र क्र./जैवविविधता बोर्ड/स.स.स (सी.एण्ड.डी)/2019/27 भोपाल, दिनांक 23.09.2019

**प्रतिलिपि :-**

1. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल
2. प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख, मध्यप्रदेश, सतपुड़ा भवन, भोपाल
3. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल
4. आयुक्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, सतपुड़ा भवन, भोपाल
5. समस्त संभाग आयुक्त, मध्यप्रदेश
6. समस्त मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय वन वृत्त एवं पदेन संयुक्त सदस्य सचिव, जैवविविधता बोर्ड
7. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, (मध्यप्रदेश)
8. समस्त जिला कलेक्टर, मध्यप्रदेश
9. समस्त क्षेत्रीय वनमण्डलाधिकारी (मुख्यालय) व पदेन सहायक सदस्य सचिव, जैवविविधता बोर्ड,
10. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, मध्यप्रदेश
11. प्रभारी, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज प्रकोष्ठ, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड
12. समस्त सहायक सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता बोर्ड, भोपाल
13. समस्त क्विज़ मास्टर (मध्यप्रदेश)
    की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
14. आदेश प्रति।

**–हस्ता–**
**सदस्य सचिव**